# आरती ॐ जय लक्ष्मी माता | By Tripty Shakya |

ॐ जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता,
तुमको नित दिन सेवत, मैयाजी को नित दिन सेवत,
हर विष्णु विधाता, ॐ जय लक्ष्मी माता।

उमा रमा ब्रह्माणी, तुम ही जग माता,
मैया तुम ही जग माता, सूरज चन्द्रमा ध्यावत,
सूरज चन्द्रमा ध्यावत, नारद मुनि गाता,
ॐ जय लक्ष्मी माता।

दुर्गा रूप निरंजनी, सुख सम्पत्ति दाता,
मैया सुख सम्पत्ति दाता, जो कोई तुमको ध्यावत,
जो कोई तुमको ध्यावत, ऋद्धि सिद्धि धन पाता,
ॐ जय लक्ष्मी माता।

तुम पाताल निवासिनी, तुम शुभ फल दाता,
मैया तुम शुभ फल दाता, कर्म प्रभाव प्रकाशिनी,
कर्म प्रभाव प्रकाशिनी, जग निधि हे त्राता,
ॐ जय लक्ष्मी माता।

जिस घर तुम रहती वहाँ, हर सद्गुण आता,
मैया हर सद्गुण आता, सब संभव हो जाता,
सब संभव हो जाता, मन नहीं घबराता,
ॐ जय लक्ष्मी माता।

तुम बिन यज्ञ का पावन, कर्म न हो पाता,
मैया कर्म न हो पाता, वस्त्र न कोई पाता,
खान-पान का वैभव, खान-पान का वैभव,
सब तुमसे आता, ॐ जय लक्ष्मी माता।

शुभ गुण सुन्दर सुक्ता, चीर्निधि जाता,
मैया चीर्निधि जाता, रत्न चतुर्दश तुम बिन,
रत्न चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाता,
ॐ जय लक्ष्मी माता।

महालक्ष्मी जी की आरती, जो कोई भी गाता,
मैया जो कोई भी गाता, उर आनन्द समाता,
उर आनन्द समाता, पाप उतर जाता,
ॐ जय लक्ष्मी माता।

ॐ जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता,
मैयाजी जय लक्ष्मी माता, तुमको नित दिन सेवत,
मैयाजी को नित दिन सेवत, हर विष्णु विधाता,
ॐ जय लक्ष्मी माता।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%b0%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a5%90-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-tripty-shakya/